


# पंचदश बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## <u>दैनिक विवरणिका</u>

संख्या-03 मंगलवार, दिनांक- 10 दिसम्बर, 2013 ई० ।

<u>माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।</u>

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.10 बजे पूर्वाह्न तक ।

''सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न माँगों को लेकर नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए । आसन से लगातार अनुरोध किए जाने के बाद भी न तो नारेबाजी बंद हुई और न सदन में शांति कायम हो सकी और सदन की कार्यवाही 12.30 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

**(स्थगनोपरांत)**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।**

समय 12.30 बजे अपराह्न से 12.45 बजे अपराह्न तक ।

[1] <u>कार्यस्थगन की सूचना</u> :-

आज दिनांक 10 दिसम्बर 2013 के लिए कार्य स्थगन की छः सूचनाएँ निम्नक्रम में दी गई :-

(i) श्री दिलीप वर्मा, स०वि०स०
श्री अशोक कुमार यादव, स०वि०स०
श्री रामेश्वर प्रसाद, स०वि०स०
श्री दुर्गा प्रसाद सिंह, स०वि०स०

(ii) श्री अख्तरूल ईमान, स०वि०स०

(iii) श्री चन्द्रशेखर एवं श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार, स०वि०स०

(iv) श्री अरूण कुमार सिन्हा, स०वि०स०

(v) श्री अश्विनी कुमार चौबे, स०वि०स०

(vi) श्री सोमप्रकाश, स०वि०स०

सभी सूचनाएँ नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

तत्पश्चात् आसन से घोषणा की गई कि 1.00 बजे अप० में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी ।

[2] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ii) श्री प्रदीप कुमार
(iii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(iv) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(v) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(vi) श्री अखतरूल ईमान

[3] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

माननीय सदस्य श्री सोमप्रकाश सिंह एवं अन्य सभासदों का गृह आरक्षी विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य के द्वारा पढ़ा गया ।

[4] **सभा के समक्ष प्रतिवेदनों का रखा जाना :-**

(i) माननीय सभापति निवेदन समिति श्री शालीग्राम यादव द्वारा समिति का 74वाँ, 75वाँ, 76वाँ एवं 77वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय सभापति याचिका समिति श्री श्याम बिहारी प्रसाद द्वारा समिति का 21वाँ, 22वाँ, 23वाँ, 24वाँ एवं 25वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

(iii) माननीय सभापति प्राक्कलन समिति डा० इजहार अहमद द्वारा समिति का 150वाँ प्रतिवेदन सदन पटल पर रखा गया ।

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण विभिन्न मांगों को लेकर सदन के वेल में नारेबाजी करते रहे । आसन द्वारा बार-बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे अपनी सीट पर जाएँ, लेकिन सदन में शांति स्थापित नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही 2.00 बजे अपराह्न तक के लिए स्थगित हुई ।''

**भोजनावकाश के बाद**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।**

समय 2.00 बजे अप० से 02.50 बजे अप० तक ।

[5] **कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-**

माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री नन्दकिशोर यादव द्वारा आज दिनांक 10.12.2013 को सम्पन्न कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन पर सहमति का प्रस्ताव रखा गया जिसपर सदन की सहमति हुई ।

[6] **विधायी कार्य :- राजकीय विधेयक :-**

(i) **बंगाल, आगरा एवं असम व्यवहार न्यायालय (बिहार संशोधन) विधेयक 2013 :-**

माननीय प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा सदन की सहमति से विधेयक को सदन में पुर:स्थापित किया गया तथा इस पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ ।

माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा जनमत जानने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । जनमत जानने का प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा द्वारा संयुक्त प्रवर समिति को सौंपने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । संयुक्त प्रवर समिति को सौंपने का प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डश: विचार के क्रम में माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा एवं श्री दुर्गा प्रसाद सिंह का खण्ड-4 एवं खण्ड-5 में संशोधन का प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । विधयेक ध्वनिमत से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(ii) **बिहार प्रत्यायोजित विधान उपबंध विधेयक 2013 :-**

माननीय प्रभारी मंत्री श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा सदन की सहमति से विधेयक को सदन में पुर:स्थापित किया गया तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ ।

माननीय सदस्य श्री अवनीश कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत सिद्धान्त पर विमर्श का प्रस्ताव वापस लिया गया ।

माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा एवं श्री अवनीश कुमार सिंह द्वारा जनमत जानने हेतु परिचारित करने का प्रस्ताव वापस लिया गया ।

माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा प्रवर समिति का प्रस्ताव वापस लिया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डश: विचार के क्रम में माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह का अनुसूची में संशोधन का प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक की स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा द्वारा इसपर विचार व्यक्त किया गया ।

माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा अपना पक्ष रखा गया तथा विधयेक ध्वनिमत से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[7] <u>निवेदन</u> :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल-23 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगे ।

तदुपरान्त सभा की बैठक बुधवार दिनांक 11 दिसम्बर 2013 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-10.12.2013

**फूल झा**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।